हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 9 अक्टूबर 2025

[ गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली ]

04 खाद न मिलने से नाराज किसानों ने मंडी के बाहर...



07 तहसील वक्फ कमेटी ने कब्रिस्तान भूमि का नामांतरण...



## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्तों का सामूहिक सम्मान समारोह आज

**विदिशा।** सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान समारोह आज गुरूवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में शाम 5 बजे से होगा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने निर्देशित किया है कि सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के तमाम दायित्वों का भुगतान सेवानिवृत्त तिथि तक करें।

### आपदा प्रबंधन के अंतर्गत मॉक ड्रिल का आयोजन

**विदिशा।** मेडिकल कॉलेज में अग्नि एवं विस्फोट दुर्घटना संबंधी मॉक ड्रिल आज गुरुवार सुबह 10.30 बजे से किया जाएगा। इस मॉक ड्रिल में जिला प्रशासन, पुलिस, अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, विद्युत वितरण कंपनी, आपदा प्रबंधन दल सहित अन्य संबंधित विभागों की टीमें सहभागी रहेंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं समन्वित कार्यवाही की तैयारियों का परीक्षण करना है।

### मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण शुरू हुआ

**विदिशा।** भारतीय स्टेट बैंक की प्रशिक्षण संस्थान आरसेठी के द्वारा जिले में मशरूम की खेती को बढावा देने के उद्धेश्य से 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण 17 अक्टूबर तक चलेगा। प्रशिक्षण संस्थान के प्रभारी ने बताया कि 21 प्रशिक्षणार्थियों को मशरूम खेती करने की विधा से प्रशिक्षित किया जाएगा। आवासीय आरसेठी प्रशिक्षण संस्थान में ठहरने व भोजन व प्रशिक्षण की सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है।

### समापन पर दिलाई नशा न करने की शपथ

**विदिशा।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के द्वारा अक्टूबर माह की 2 से 8 तारीख तक मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन किया गया था। इस दौरान गतिविधियों के माध्यम से आमजनों को जागरूक किया गया है। मद्य निषेध सप्ताह का समापन कार्यक्रम माधवगंज क्रमांक 2 शासकीय हाई स्कूल टीलाखेडी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मादक पदार्थ एवं मद्यपान के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में शैक्षणिक संस्था के प्राचार्य आरके जैन, नशामुक्त भारत अभियान के मास्टर ट्रेनर्स वेदप्रकाश शर्मा के अलावा सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में नशामुक्ति शपथ दिलाई गई।

### 96 पंजीयन छात्रों में से 64 का चयन किया गया

**विदिशा।** शासकीय आईटीआई में बुधवार को सुजूकी मोटर्स गुजरात द्वारा प्लेसमेंट के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गय। जिसमें कई ट्रेड्स के पासआउट छात्रों द्वारा भाग लिया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में जिले के विभिन्न विकासखंडों की आईटीआई के छात्रों ने भी भाग लिया। इस दौरान कुल 96 पंजीयन हुए। जिसमें से 64 छात्रों का चयन किया गया है।

---

**कांग्रेस में आक्रोश:** किसानों की समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस ने विवेकानंद चौराहे पर किया प्रदर्शन

# कलेक्ट्रेट के घेराव से पहले ही पुलिस बल ने कांग्रेसियों को रोका, कराई पानी की बौछार

**पूर्व और वर्तमान मुख्यमंत्री के बर्चस्व की लड़ाई में किसान पिस रहा : चौहान**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

किसान कांग्रेस ने बुधवार को किसानों की समस्याओं को लेकर विवेकानंद चौराहे पर आमसभा की। इसके बाद जैसे ही कांग्रेसी कलेक्ट्रेट का घेराव करने निकले तो पुलिस ने बैरीकेट्स लगाकर उन्हे रास्ते में ही रोक दिया। वाटर केनन से पानी की बौछार कराई। कांग्रेसियों ने कैरीकेट्स गिरा दिए, जमकर नारेबाजी की।

किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्रसिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में पूर्व और वर्तमान मुख्यमंत्री के बीच वर्चस्व की लड़ाई चल रही है, जिसका खामियाजा किसान भुगत रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियां किसानों के हित में नहीं हैं, बल्कि बड़े व्यापारियों को लाभ पहुंचाने के लिए बनाई हैं। धर्मेंद्रसिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में खाद और यूरिया की भारी कालाबाजारी चल रही है। केंद्रीय कृषि मंत्री के क्षेत्र में भी किसान खाद और यूरिया के लिए परेशान हैं।




### सिरोंज में किसान को आए चक्कर, प्रदेश स्तरीय आंदोलन की चेतावनी

प्रदेशाध्यक्ष चौहान ने कहा कि सरकार द्वारा लागू की गई भावांतर योजना किसानों के लिए नहीं बल्कि व्यापारियों के हित में है। उन्होंने कहा कि सोयाबीन की फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य के साथ 6 हजार प्रति क्विंटल किया जाना चाहिए। यदि इससे कम दर पर खरीदी की गई तो किसान कांग्रेस पूरे प्रदेश में प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा सिरोंज में किसानों को लंबी लाइनों में लगना पड़ रहा है। एक किसान को लाइन में खड़े-खड़े चक्कर तक आ गया।

### वर्ष 2017-18 की भावांतर राशि अब तक लंबित

आमसभा के दौरान वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2017-18 में जिन किसानों की भावांतर राशि अब तक लंबित है, उसे तुरंत भुगतान किया जाए। सभा के बाद किसान कांग्रेस के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट की ओर बढ़े, एसडीएम कार्यालय के सामने पुलिस ने बैरिकेट्स लगा दिए। रास्ता बंद कर पुलिस ने वाटर कैनन से प्रदर्शन कर रहे लोगों पर बौछार कराई। कार्यकर्ता नारेबाजी करते रहे और बैरिकेट्स पर चढ़ गए लेकिन पुलिस ने रास्ता रोके रखा।

### चुनावी वादे तब तक अधूरे : विनीत दांगी

किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत दांगी ने कहा कि किसानों से किए गए चुनावी वादे अब तक पूरे नहीं हुए हैं। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि धान 3100 प्रति क्विंटल की दर से खरीदी जाए तथा सोयाबीन की खराब फसल का तत्काल सर्वे कराकर मुआवजा दिया जाए। प्रदर्शन के बाद एसडीएम क्षितिज शर्मा मौके पर पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम किसान कांग्रेस कार्यकर्ताओं से ज्ञापन लिया। प्रदर्शन में जिला



कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, रणधीर सिंह ठाकुर, आनंद प्रताप सिंह, प्रियंका किरार, अनुज यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

---

**'आप' पार्टी ने गरीबों के लिए पट्टों की मांग**

## कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप



**विदिशा।** आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर गरीबों को आवासीय पट्टे देने की मांग की। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा गरीबों को पट्टे देने का वादा अब तक अधूरा है। आप पदाधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में घोषणा की थी कि 2022 तक हर गरीब को सरकारी पट्टा मिलेगा। हालांकि, यह वादा अब तक पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने मांग की कि प्रधानमंत्री तत्काल सर्कुलर जारी कर दिवाली से पहले गरीबों को पट्टे उपलब्ध कराएं। ज्ञापन देने पहुंचे आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे कलेक्टरेट परिसर में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ जाएंगे। उन्होंने प्रशासन को एक ज्ञापन भी सौंपा और कहा कि जब तक गरीबों को उनका हक नहीं मिलता तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

---

## स्टेंडिंग कमेटी बैठक में फोटोयुक्त मतदाता सूची पर हुई विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

नगरपालिकाओं एवं पंचायतो की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्य के तहत बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित बेतवा सभागार में जिला स्तरीय स्टेंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने की। उन्होंने मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों की जानकारी राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को दी और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। बैठक में बताया गया कि गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के नाम सूची से छूटने न पाएं, इसके लिए राजनैतिक दलों से सहयोग अपेक्षित है। साथ ही, मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का प्रचार-प्रसार अपने स्तर पर करने का आग्रह किया गया ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रह जाए।

बैठक में बताया गया कि दावे-आपत्तियां 17 अक्टूबर दोपहर 3 बजे तक स्वीकार की जाएंगी। अंतिम फोटोयुक्त मतदाता सूची का प्रकाशन 13 नवम्बर को किया जाएगा। बैठक में सभी राजनीतिक दलों को निःशुल्क प्रारूप मतदाता सूचियां प्रदान की गईं।

### पुलिस को मुथुरा वृंदावन में मली अपहृत बालिका

**विदिशा।** ऑपरेशन मुस्कान अभियान के अंतर्गत थाना सिविल लाइन पुलिस ने अपहृत नाबालिग बालिका को मथुरा-वृंदावन (उप्र) से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। यह कार्रवाई एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन, एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे एवं सीएसपी अतुल सिंह के मार्गदर्शन में की गई। थाना सिविल लाइन में पाक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज था। 22 सितंबर को नाबालिग के अपहरण की सूचना पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए सर्च अभियान शुरू किया। तकनीकी साक्ष्यों और सतत प्रयासों से टीम ने 7 अक्टूबर को बालिका को मथुरा-वृंदावन से दस्तयाब कर लिया। मुख्य आरोपी कृष्णा शर्मा (18) निवासी ग्राम अंबर थाना ग्यारसपुर जिला विदिशा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजा गया।

---

## हिंदू उत्सव समिति की वर्तमान कार्यकारिणी भंग

**सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति की अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने प्रेस वार्ता कर निर्णय की दी जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने बुधवार को अपने एक वर्ष के सफल कार्यकाल की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि समिति ने राधा अष्टमी मंदिर, गणेश उत्सव और दुर्गा उत्सव जैसे आयोजनों में बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं। समिति ने प्रशासन एवं पुलिस के समन्वय से चल समारोह मार्ग, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा तैयारियों को समय पर दुरुस्त कराया। माहेश्वरी ने बताया कि




**विदिशा।** प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी देते हुए हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष।

समिति ने विवादों को तुरंत सुलझाकर शहर में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखा। उन्होंने घोषणा की कि समिति की वर्तमान कार्यकारिणी, युवा एवं महिला मंडल को भंग कर दिया गया है तथा आगामी रविवार को नई कार्यकारिणी का गठन होगा। नई टीम में धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यों में सक्रिय युवाओं को स्थान दिया जाएगा।

हिउस अध्यक्ष श्री माहेश्वरी ने कहा कि समिति का संकल्प है कि सभी समाजों और प्रशासन के सहयोग से आगामी त्यौहार भव्य व शांतिपूर्ण रूप में मनाए जाएं। उन्होंने सांसद, विधायक, प्रशासनिक अधिकारियों और सहयोगी संगठनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि मनोज शर्मा को पुनः प्रवक्ता नियुक्त किया गया है और नई कार्यकारिणी की प्राथमिकता विसर्जन कुंड एवं गौशाला निर्माण होगी।

---

### रात में गांवों के ऊपर उड़ते ड्रोन से चिंतित

**विदिशा।** जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम आमखेड़ा, सूखा, पलालकपुर, काशीपुर, पंवारिया एवं आसपास के अन्य गांवों में रात्रि के समय ड्रोन उड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार ये ड्रोन रोज रात के समय गांवों के ऊपर चक्कर लगाते हैं। इससे लोगों में डर और आशंका का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि इस विषय की जानकारी प्रशासन को पहले से दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र ही इन ड्रोन की जांच नहीं की गई तो किसी बड़ी साजिश या अवैध गतिविधि की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीण प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि इन ड्रोन की गतिविधियों की जांच की जाए और सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक कदम उठाए जाएं।

## वायु सेवा दिवस हुआ उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित

**शिक्षकों को सम्मानित करने पर खुशी जताई।**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज वायु सेवा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में समाजसेवी अतुल शाह ने वायु सेवा के शौर्य एवं पराक्रम पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि कोई भी युद्ध बिना वायु सेना के सहयोग से नहीं लड़ा जाता है एवं मुख्य अतिथि के रूप में एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे उपस्थित रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि वायु सैनिक संगठन के सदस्य द्वारा सेवानिवृत्ति के बाद भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजन के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं वायु सैनिकों की पद पर पहुंचने वाले शिक्षकों को सम्मानित करने पर प्रसन्नता जाहिर की। कार्यक्रम में सेवा निवृत वायु सैनिकों के संगठन द्वारा सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों का सम्मान किया गया। सम्मान पाने वालों में मुख्य रूप से चारु सक्सेना, मंजू राठी सीमा आजम, बीएस रघुवंशी, विजय जैन, पीएन सेन, विष्णु किरार पीएन कुशवाह, अनिल सक्सेना को सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के समस्त सदस्य एवं गंजबासोदा से पधारे समाजसेवी सम्मिलित हुए।

### पीपलखेड़ा में पथ संचलन निकाला गया

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर खामखेड़ा खंड के मंडल केंद्र पीपलखेड़ा में पथ संचलन निकाला गया। पीपलखेड़ा केंद्र में शस्त्र पूजन कर पूर्ण अनुशासन के साथ पथ संचलन शुरू हुआ। जो पीपलखेड़ा के खेल मैदान से प्रारंभ होकर ग्राम के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः खेल मैदान पहुंचा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जिला मुख्य मार्ग प्रमुख अनिल शर्मा का बौद्धिक हुआ। उन्होंने संघ के स्थापना एवं डॉक्टर हेडगेवार के जीवन पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चरण सिंह धाकड़ , खंड संघ चालक गजेन्द्र बघेल उपस्थित रहे। आगामी पथ संचालन खंड केंद्र खामखेड़ा में 12 अक्टूबर दोपहर 2 बजे निकाला जाएगा। इसमें 6 मंडल के 80 गांव के स्वयंसेवक सहभागी रहेंगे। यह जानकारी खंड प्रचार प्रमुख अंकित बघेल ने दी।

## आईआईएम इंदौर की टीम ने की शासन की योजनाओं पर लखपति दीदियों से चर्चा

**आईआईएम इंदौर के 6 सदस्यीय डेलीगेशन ने आजीविका मिशन भवन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

आईआईएम इंदौर के 6 सदस्यीय डेलीगेशन ने आजीविका मिशन भवन पहुंचकर लखपति दीदियों एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से आत्मनिर्भरता और शासन की योजनाओं पर चर्चा की।

टीम ने जाना कि महिलाएं कैसे राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं से जुड़कर अपने परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत बना रही हैं। टीम लीडर सुमीत भारद्वाज ने बताया कि इस अध्ययन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की प्रगति, रोजगार के अवसरों और बाजार से जुड़ाव की स्थिति को समझना है।आजीविका मिशन की ब्लॉक




प्रबंधक रेखा वर्मा ने समूहों द्वारा संचालित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी और बताया कि महिलाएं अब खुद उत्पाद बनाकर स्थानीय बाजारों में बेच रही हैं, जिससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं। टीम ने ग्यारसपुर के किसानों से भी संवाद किया और ऐतिहासिक माला देवी मंदिर का अवलोकन किया। टीम में खुशबू, नितिन माली, नैंसी वर्मा, परिधी पोपली, कुशाग्र सिंगर और शशांक यादव शामिल रहे। इस अवसर पर महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि आज वे आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार कर रही हैं।

---

## चित्रकला, निबंध और वॉल पेंटिंग प्रतियोगिताओं में कई स्कूलों के छात्र, छात्राओं ने दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सामान्य वन मंडल के अंतर्गत वन परिक्षेत्र में बुधवार को वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के अवसर पर विविध सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

आयोजन वन मंडल अधिकारी लोकप्रिय भारती के निर्देशन में, उप वन मंडल अधिकारी हिमांशु त्यागी एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी हरिओम मनु के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत वॉल पेंटिंग, निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विदिशा शहर के तीन प्रमुख विद्यालयों केंद्रीय विद्यालय, वात्सल्य स्कूल एवं साकेत एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




### प्रतियोगिताओं में यह छात्र रहे अव्वल

चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान यशी यादव केंद्रीय विद्यालय, द्वितीय स्थान हिमांगी श्रीवास्तव साकेत एमजीएम स्कूल, तृतीय स्थान पूर्णिमा विश्वकर्मा साकेत एमजीएम स्कूल ने प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राशि दांगी वात्सल्य स्कूल, द्वितीय स्थान शांभवी साकेत एमजीएम स्कूल, तृतीय स्थान सुनिधि केंद्रीय विद्यालय रहीं। वहीं वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय के ग्रुपों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तीनों स्थान अपने नाम किए।

---

**बाजार में बड़ी भीड़, जगह-जगह लगीं सुहाग सामग्री की दुकानें**

# इस वर्ष रात 8:23 से 8:31 बजे के बीच उदय होगा चंद्रमा


**सूर्योदय से चंद्रोदय तक निर्जला व्रत रखती हैं महिलाएं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

करवा चौथ का व्रत शुक्रवार 10 अक्टूबर को मनाया जाएगा। धर्माधिकारी पंडित विनोद शास्त्री ने बताया कि इस वर्ष करक चतुर्थी पर विशेष योग बन रहा है। चंद्रदेव अपनी उच्च राशि वृषभ में विराजमान रहेंगे। शुक्रवार का दिन सिद्धि योग और कृतिका नक्षत्र का संयोग स्त्रियों को विशेष मानसिक शांति एवं सौभाग्य प्रदान करेगा। महिलाएं सूर्योदय से पहले स्नानादि कर सोलह श्रृंगार करती हैं और उपवास का संकल्प लेकर सूर्योदय से चंद्रोदय तक निर्जला व्रत रखती हैं। चंद्रोदय के पश्चात भगवान शिव, पार्वती, गणेश, कार्तिकेय और चंद्रमा का पूजन किया जाता है। महिलाएं सोलह श्रृंगार की सामग्री मां गौरी को अर्पित करती हैं, फिर छलनी से चंद्र दर्शन कर अर्घ्य देती हैं और अपने पति के दर्शन करती हैं।

### करवा चौथ पर छलनी से चंद्र दर्शन का महत्व

करवा चौथ पर छलनी से चंद्रमा को देखने की परंपरा के पीछे गहरा आध्यात्मिक अर्थ है। चंद्र देव को सुंदरता, प्रेम और शीतलता का प्रतीक माना गया है। महिलाएं छलनी से पहले चंद्र दर्शन कर अपने पति को निहारती हैं, जिससे वे अपने प्रेम की शुद्धता और पवित्रता का प्रतीक प्रदर्शित करती हैं। जैसे छलनी से किसी वस्तु की अशुद्धियां अलग हो जाती हैं, वैसे ही छलनी से चंद्र दर्शन करने से मन, विचार और प्रेम की शुद्धता का संदेश मिलता है। पंडित विनोद शास्त्री ने बताया कि छांदोग्य उपनिषद में उल्लेख है कि चंद्रमा में पुरुष रूपी ब्रह्मा की उपासना करने से सारे पाप नष्ट हो



जाते हैं और दीर्घायु प्राप्त होती है। करवा चौथ के दिन मिट्टी के करवे में चावल, दाल, उड़द और सुहाग सामग्री रखकर सास को भेंट करने की परंपरा भी है। इसे *पारिवारिक प्रेम और संस्कारों के आदान-प्रदान का प्रतीक माना गया है।

### करवे का महत्व

मिट्टी का करवा पंचतत्वों का प्रतीक माना जाता है। इसी करवे से चंद्रमा को अर्घ्य दिया जाता है, जिससे पति की दीर्घायु और वैवाहिक जीवन में खुशहाली की कामना की जाती है।

### चंद्रोदय का समय और तिथि

सिद्धांत गणना के अनुसार इस वर्ष रात्रि 8:23 से 8:31 बजे के बीच चंद्रमा उदय होगा। करवा चौथ का व्रत कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखा जाता है। वही तिथि मान्य होती है जो चंद्रोदय व्यापिनी हो। यदि चतुर्थी दो दिन रहे तो पूर्वविद्धा तिथि को व्रत किया जाता है। करवा चौथ भारतीय नारी के प्रेम, समर्पण और विश्वास का अद्वितीय प्रतीक है।

## बासौदा मंडी भाव

गेहूं शरबती
न्यूनतम भाव-2429
उच्चतम भाव-3245
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2450
उच्चतम भाव- 2805
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2411
उच्चतम भाव- 2641
चना
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-5792
मसूर
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-8180
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2680
उच्चतम भाव- 3173
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-4510
सरसों
न्यूनतम भाव-5205
उच्चतम भाव-7210
धनिया
न्यूनतम भाव-6511
उच्चतम भाव-6511
उड़द
न्यूनतम भाव-1100
उच्चतम भाव-6460
धान
न्यूनतम भाव-1010
उच्चतम भाव- 2310
मक्का
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव- 1200

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 20777 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

## एसडीएम ने किसानों को दो दिन बाद खाद दिलाने का दिया आश्वासन

# खाद न मिलने से नाराज किसानों ने मंडी के बाहर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





बुधवार को नवीन कृषि उपज मंडी परिसर में स्थित शासकीय वेयर हाउस से खाद न मिलने पर किसानों ने पहले तो गोदाम के सामने हंगामा किया और बाद में मंडी के बाहर आकर बासौदा बरेठ मुख्य मार्ग पर चक्काजाम करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही एसडीएम संतोष बिटोलिया पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने किसानों को शीघ्र ही खाद उपलब्ध कराने का आश्वासन देकर उनका प्रदर्शन शांत करवाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कृषि उपज मंडी में स्थित एमपी एग्रो वेयर हाउस है। जहां बुधवार को खाद का वितरण किया जा रहा था,लेकिन कुछ समय बाद ही गोदाम संचालकों ने खाद वितरण यह कहते हुए बंद कर दिया कि खाद खत्म हो गया है। जिससे टोकन लेकर खाद लेने का इंतजार कर रहे किसानों का आक्रोश फट पडा और उन्होंने पहले मंडी परिसर में हंगामा किया और बाद में बासौदा बरेठ मुख्य मार्ग पर मंडी के सामने चक्काजाम करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसानों का कहना था कि अब नई व्यवस्था के तहत टोकन के माध्यम से खाद वितरण किया जा रहा है। सभी किसानों ने टोकन ले लिए थे और उसी उम्मीद में खाद लेने यहां आए थे, लेकिन टोकन होने के बावजूद प्रबंधन ने खाद खत्म होने की बात कहते हुए उन्हें खाद वितरण से मना कर दिया। जिससे अपना काम छोडकर खाद लेने के लिए आने पर उनका समय और मेहनत व्यर्थ चली गई और अब मानसिक परेशानी भी हो रही है।

उधर किसानों द्वारा किए गए चक्काजाम एवं प्रदर्शन के कारण काफी समय तक इस मुख्य मार्ग पर वाहनों का आवागमन प्रभावित रहा। बाद में सूचना मिलने पर टीआई संजय बेदिया पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाइश देकर प्रदर्शन समाप्त कराने की कोशिश की। बाद में मौके पर पहुंचे एसडीएम संतोष बिटौलिया ने किसानों को बताया कि आज वितरण के लिए करीब 27 टन खाद आया था, जिसे किसानों को वितरित कर दिया गया है। लेकिन प्रबंधन ने लापरवाही पूर्वक अधिक किसानों को टोकन वितरित कर दिए थे। जिससे यह परेशानी खडी हुई है। उन्होंने प्रदर्शन कर रहे किसानों को समझाइश दी और ऐसे करीब 250 से अधिक किसानों के नाम दर्ज करवाए गए। साथ ही उन्हें 10 अक्टूबर को खाद आवंटन आते ही सबसे पहले खाद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। एसडीएम की इस कार्रवाई और आश्वासन के बाद किसानों का आक्रोश शांत हुआ और उन्होंने प्रदर्शन समाप्त कर दिया। जिससे बासौदा बरेठ मुख्य मार्ग पर आवागमन बहाल हो सका।

## अब जय स्तम्भ चौक पर नहीं लगा सकेंगे होर्डिंग बैनर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर पालिका परिषद द्वारा बुधवार को जय स्तम्भ चौक पर किसी भी प्रकार के होर्डिंग, पोस्टर, पंपलेट इत्यादि लगाने पर पाबंदी लगा दी है। चाहे वे राजनीतिक हो, धार्मिक, सामाजिक हो या फिर निजी। भविष्य में किसी भी तरह के पंपलेट अगर जय स्तम्भ चौक पर लगाए जाते हैं तो संबंधित के खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, एसडीएम संतोष बिटोलिया, सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव आदि के निर्देश पर नपा कर्मियों ने राष्ट्रीय स्मारक मुख्य चौराहा जय स्तम्भ चौक से होडिंग, बैनर इत्यादि हटवाए। साथ ही सभी को सूचना भी दी गई कि अब भविष्य में किसी भी प्रकार के विज्ञापन एवं पोस्टर नहीं लगाए जाएं। उधर प्रशासन एवं नपा के इस आदेश की जागरूक नागरिकों ने काफी सराहना की है। नागरिकों का कहना है कि विजय स्तंभ एक राष्ट्रीय स्मारक है और लोगों ने इसे प्रचार प्रसार का मुख्य केन्द्र बना रखा था। जिससे इस स्तंभ और चौराहे का सौंदर्य ही नहीं उसका महत्व भी धूमिल हो रहा था। साथ ही चौराहे पर होर्डिंग बैनर आदि लगने से वाहन चालकों को चौराहे के दूसरी ओर के वाहन नहीं दिखते थे। प्रशासन के इस आदेश से अब जयस्तंभ चौक साफ स्वच्छ रहेगा।

## खबर संक्षेप

### चलाया हस्ताक्षर अभियान

**गंजबासौदा।** वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान का उदयपुर ब्लॉक के ग्राम बरेठ से गत दिवस शुभारंभ किया गया। जिसमें ग्राम बरेठ,सर्रवाय, ठर्रका, टीकोद , चुल्हेंटा, पुरवाई, चक्क , बत्तीसा, भाटनी,फतेहपुर,नाका मर्दाखेड़ी पहुंचकर "वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान" में सैकड़ो लोगों के फार्म भरवा कर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेत्री विद्या यादव,जिला पंचायत सदस्य विनीता सहरिया, ,प्रकाश प्रजापति, अजय गुर्जर, रविंद्र रघुवंशी, नीरज यादव, इंद्र सिंह राजपूत आदि मौजूद थे।

## महाराज अजमीढ़ जयंती में भारत का स्वर्णयुग लाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



स्वर्णकार समाज के पितृपुरुष महाराजा अजमीढ़ जी की जयंती बरेठ रोड स्थित समाज के सचिव वेद प्रकाश स्वर्णकार के निवास स्थित स्वर्णकार समाज कार्यालय पर धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अजमीढ़ जी महाराज की पूजन आरती करके भजन कीर्तन के साथ किया गया और समाज उत्थान हेतु विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष रमेश चंद वर्मा ने बताया मैढ़ क्षत्रिय अपनी वंशबेल को भगवान विष्णु से जुड़ा हुआ पाते हैं। कहा गया है कि भगवान विष्णु के नाभि-कमल से ब्रह्माजी की उत्पत्ति हुई। ब्रह्माजी से अत्री और अत्रीजी की शुभ दृष्टि से चंद्र-सोम हुए। चंद्रवंश की 28 वीं पीढ़ी में अजमीढ़जी पैदा हुए। महाराजा अजमीढ़जी का जन्म त्रेतायुग के अन्त में हुआ था। मर्यादा पुरुषोत्तम के समकालीन ही नहीं अपितु उनके परम मित्र भी थे। उनके दादा महाराजा श्रीहस्ति थे जिन्होंने प्रसिद्ध हस्तिनापुर बसाया था। महाराजा हस्ति के पुत्र विकुंठन एवं दशाह राजकुमारी महारानी सुदेवा के गर्भ से महाराजा अजमीढ़जी का जन्म हुआ। इनके अनेक भाईयों में से पुरुमीढ़ और द्विमीढ़ विशेष प्रसिद्ध हुए और दोनों पराक्रमी राजा थे। द्विमीढ़जी के वंश में मर्णान, कृतिमान, सत्य और धृति आदि प्रसिद्ध राजा हुए। कार्य कारी अध्यक्ष पार्षद नारायण सोनी ने बताया राजा हस्ती के येष्ठ पुत्र अजमीढ़ महान चक्रवर्ती राजा चन्द्रवंशी थे। महाराजा अजमीढ़ के दो रानियां सुयति व नलिनी थी। इनके गर्भ में बुध्ददिषु, ऋव, प्रियमेध व नील नामक पुत्र हुए। उनसे मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज का वंश आगे चला। अजमीढ़ ने अजमेर नगर बसाकर मेवाड़ की नींव डाली। वे सोने-चांदी के आभूषण, खिलौने व बर्तनों का निर्माण कर दान व उपहार स्वरुप सुपुत्रों को भेंट किया करते थे। वे उच्च कोटि के कलाकार थे। आभूषण बनाना उनका शौक था और यही शौक उनके बाद पीढ़ियों तक व्यवसाय के रुप में चलता आ रहा है। सचिव वेदप्रकाश स्वर्णकार ने सभी समाज बंधुओं से राष्ट्रीय एकता अखंडता को बनाऐ रख समाज मे सामाजिक समरसता छुआछूत मुक्त भेदभाव रहित वातावरण निर्माण कर भारत का स्वर्णकाल स्वर्णयुग लाने शत प्रतिशत स्वदेशी आत्मनिर्भर भारत बनाने विकसित भारत का संकल्प दिलाया।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष धनराज सोनी, संरक्षक मुन्नालाल सोनी, दीपक सोनी, डालचंद सोनी, कमल किशोर सोनी, प्रद्युम्न नारायण स्वर्णकार, विजय सोनी, संतोष सोनी, महेश सोनी, कृष्ण कुमार सोनी, पंकज सोनी, नरेंद्र सोनी, विशाल स्वर्णकार, अमित सोनी, सुनील सोनी तथा कृशिका, वैष्णवी, आर्या, नीरज, शिवाय उपस्थित रहे।

## डॉल्फिन के विद्यार्थी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



विगत 4 अक्टूबर को भोपाल में आयोजित संभाग स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता में डॉल्फिन विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय सहित नगर का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय की छात्रा कुमारी आराध्या भार्गव पुत्री राघवेंद्र भार्गव ने स्वरचित काव्य पाठ (कनिष्ठ वर्ग) में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं, विहान गौड़ पुत्र राजकुमार गौड़ एवं कार्तिकेय सुमन पुत्र कमल सिंह सुमन ने वाद-विवाद प्रतियोगिता (कनिष्ठ वर्ग) में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इन तीनों विद्यार्थियों का चयन आगामी 13 अक्टूबर को होने जा रही राज्य स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। ये तीनों ही विद्यार्थी कक्षा 8वीं के छात्र हैं। इससे पूर्व कुमारी नियति शिल्पकार पुत्री संतोष शिल्पकार का चयन कैलीग्राफी एवं चित्रकला में तथा ईशान सैनी पुत्र सुरेश सैनी का चयन भी राज्यस्तर के लिए हो चुका है। इस प्रकार, डॉलफिन विद्यालय के कुल पाँच विद्यार्थियों ने राज्यस्तर पर अपनी जगह सुनिश्चित की है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्राचार्य संदीप जेटली सहित शिक्षक ,शिक्षिकाओं नीतू तनवानी, सुधा दीक्षित, आरती दुबे, अरविन्द सेन, प्रशांत भार्गव, प्रशांत कुर्मी, नंदिनी राजपूत, निधि दीक्षित, शैलेन्द्र कुशवाहा, स्वाति पटेरिया, निरंजन रघुवंशी, रिमझिम दांगी एवं समस्त विद्यालय परिवार ने उज्जवल भविष्य की कामना के साथ विद्यार्थियों को अगले चरण के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

## गौशाला निर्माण व भूमि आवंटन की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



गौशाला निर्माण एवं भूमि आवंटन की मांग को लेकर अनशन कर रहे गौसेवक लालू महाराज के नेतृत्व में बडी संख्या में नागरिकों ने एसडीएम संतोष बिटोलिया को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि शहर में पिछले 10 वर्षों से निरंतर रूप से निस्वार्थ गौशाला संचालित हो रही है, इस गौशाला में बीमार, एक्सीडेंटल, घायल एवं कमजोर गायों को लाया जाता है, जहां उनका उपचार एवं देखभाल की जाती है। निस्वार्थ गोसेवा समिति पिछले 10 वर्षों में कई गायों का उपचार करके ठीक कर चुकी है। यह गौशाला गंज बासौदा की जनता के सहयोग से संचालित हो रही है शासन द्वारा गौशाला को कोई अनुदान नहीं मिलता है। गौशाला की आर्थिक स्तिथि ठीक नहीं है जिससे निरंतर रूप से संचालन करना संभव नहीं हो पा रहा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि इस गौशाला के अनुदान हेतु शासकीय पंजीयन करने की कृपा करें। जिससे गौशाला की आर्थिक स्तिथि में सुधार हो सके। साथ ही कहा गया है कि वर्तमान में गौशाला खसरा नं.148/1 वार्ड नं 14 पुरानी कृषि उपज मंडी की सामने स्थित है जिसे समिति के नाम पर इस जगह का आवंटन कराया जाए एवं शासन द्वारा गौशाला को अनुदान दिलाने के प्रयास किए जाएं। नगर में जो गायें घूम रही हैं और दुर्घटनाएं हो रही हैं उसके समाधान के लिए ग्राम रसूलपुर में खसरा न 71/1 एवं 75/2 की शासकीय चरनोई जमीन है जिस भूमि का आवंटन निस्वार्थ गोसेवा समिति को किया जाए। इस संबंध में गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के विषय को लेकर लालू महाराज पिछले दो महीने से अन्न छोड़कर केवल दूध ले रहे थे लेकिन पिछले 8 दिन से उन्होंने दूध भी छोड़ दिया है केवल जल ले रहे हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि उपरोक्त विषय को संज्ञान में लेकर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो इस विषय को लेकर वे आमरण अनशन शुरू कर देंगे।

## भावांतर योजना के प्रचार के लिए निकाली रैली



**गंजबासौदा।** बुधवार को सोयाबीन की भावांतर भुगतान योजना के प्रचार-प्रसार हेतु नवीन मण्डी प्रांगण से 100-150 ट्रेक्टरों व विभिन्न प्रकार के चार पहिया वाहन एवं दो पहिया वाहनों के माध्यम से विशाल रैली आयोजित की गई। जिसमें विधायक प्रतिनिधि तरवर सिंह रघुवंशी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेन्द्र सिंह रघुवंशी, एसडीएम संतोष बिठोलिया, एसएडीओ सूर्यभान सिंह थानेश्वर एवं मण्डी के सचिव सोहन लाल एवं मण्डी कर्मचारी उपस्थित रहे। उक्त रैली के माध्यम से भावांतर भुगतान योजना का लाभ लेने हेतु कृषकों को 3 से 17 अक्टूबर तक अधिक से अधिक पंजीयन कराने एवं मंडियों में दिनांक 24 अक्टूबर से 15 जनवरी तक भावांतर योजना अन्तर्गत विक्रय करने की जानकारी दी गई। उक्त रैली नवीन मण्डी प्रांगण से प्रारम्भ होकर मुख्य चौराहों से होते हुये निकाली गई।

## विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



**गंजबासौदा।** तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में बुधवार को बहलोट बायपास स्थित एक स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन साक्षी प्रसाद प्रथम व्यवहार न्यायधीश कनिष्ठ खंड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। शिविर में संविधान के मूलभूत अधिकार, कर्तव्य, शिक्षा का अधिकार, निःशुल्क विधिक सहायता, पीड़ित प्रतिकर योजना, साइबर अपराध,नालसा बच्चों की मैत्रीपूर्ण विधिक सहायता योजना 2015, नालसा हेल्प लाइन 15100 के संदर्भ में जानकारी प्रदान की गई। शिविर में एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा, एडवोकेट शेर सिंह यादव, एडवोकेट राजेश सक्सेना, एडवोकेट क्रांति अहिरवार, एडवोकेट सुरेंद्र सेन, समाज सेवी सुनील पिंगले, प्राचार्य बृजेश यादव, रेखा यादव, सुनीता विश्वकर्मा, श्वेता शर्मा, शुभी रघुवंशी, पूजा विश्वकर्मा सहित समस्त शिक्षक व शिक्षिकाऐं, स्कूल स्टॉफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आर्यम्बा यादव ने किया।

## हार्टफुलनेस संस्था प्रतिनिधियों ने लिया आशीर्वाद

# मुनिश्री को भेंट की होली तीर्थंकर पुस्तक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्थानीय महावीर विहार में विराजमान निर्यापक मुनि संभव सागर जी महाराज ससंघ के मंगल प्रवचन श्रृंखला सुनने का लाभ समाज जन को निरंतर प्राप्त हो रहा है। भगवान महावीर विहार में चल रही प्रवचन श्रृंखला के दौरान मुनि श्री संभव सागर जी महाराज को श्री रामचंद्र मिशन हार्टफुलनेस के अभ्यासियों द्वारा होली तीर्थंकर नामक पुस्तक भेंट की गई। यह पुस्तक मिशन के वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश डी पटेल दाजी के द्वारा लिखी गई है। जिसमें जैन धर्म की वैज्ञानिकता पर गहन शोध प्रकाशित किया गया है। इस मौके पर भगवान महावीर विहार पहुंचकर हार्टफुलनेस के क्षेत्रीय समन्वयक गजेंद्र गौतम, एसडीओपी शिखा भलावी, स्वदेश शर्मा, अनिल अहिरवार, सुरेंद्र राजपूत, नीलेश शर्मा ने मुनिश्री को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं जैन समाज के प्रतिनिधि मंडल ने हार्टफुलनेस संस्था के प्रतिनिधि मंडल का स्वागत कर अभिनंदन किया। वहीं गौतम ने बताया कि हार्टफुलनेस विश्व के 162 देश में ध्यान, योग, पर्यावरण संरक्षण और जीवन निर्माण के लिए कार्य कर रहा है। पुस्तक में दाजी ने चेतना के ऊंचे स्तर पर हुए अनुभवों को साझा कर तीर्थंकर और जैन धर्म की वैज्ञानिकता को परिभाषित करने का प्रयास किया है। मुनिश्री ने भी पुस्तक प्रकाशन पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि यह पुस्तक इंग्लिश भाषा में है और बहुसंख्यक लोग हिंदी भाषी हैं, हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है। इसका हिंदी रूपांतरण भी होना चाहिए। हार्टफुलनेस के अभ्यासियों ने बताया कि शीघ्र ही हिंदी भाषा में यह पुस्तक सुलभ हो जाएगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में जैन समाज के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### कार्तिक स्नान के साथ शुरू हुआ अभिषेक

**गंजबसौदा।** शरद पूर्णिमा मंगलवार से बेतवा रिपटा घाट पर एक माह तक किए जाने वाले कार्तिक स्नान के साथ भगवान शिव का अभिषेक प्रारंभ हो गया है। यह आयोजन एक माह कार्तिक पूर्णिमा तक चलेगा। पंडित भागीरथ शास्त्री के सानिध्य में प्रतिदिन प्रातः कालबेला में स्नान के साथ भगवान का अभिषेक शुरू होगा। कार्तिक माह में भगवान विष्णु की पूजा-आराधना, पवित्र नदियों में स्नान और दान-पुण्य करने का विशेष महत्व होता है।

### कुल्हार अस्पताल चौकीदार को 18 माह से नहीं मिला वेतन



**गंजबासौदा।** समीपस्थ ग्राम कुल्हार निवासी श्रीराम कुशवाह ने एसडीएम के नाम एक आवेदन सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि प्रार्थी और उसके पिता हरिराम ग्राम कुल्हार के सरकारी अस्पताल में पिछले कई वर्षों से चौकीदारी के रूप में पदस्थ हैं। प्रार्थी और उसके पिता को पिछले 18 महीने से वेतन प्राप्त नहीं हुआ है, जबकि प्रार्थी का घरेलू खर्च उसी वेतन से चलता रहा है और इसके अलावा कोई और आय का सहारा नहीं है। श्रीराम कुशवाह ने उक्ताशय का एक आवेदन बीएमओ डॉ प्रमेन्द्र तिवारी के कार्यालय में भी कार्रवाई की उम्मीद में दिया है।

## एसजीएस महाविद्यालय में युवा उत्सव प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय में युवा उत्सव 2025-26 का आयोजन बुधवार से प्रारंभ हो गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार द्वारा युवा उत्सव कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित करते हुए सभी विद्यार्थियों को इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी डॉ. सुमन लता गुप्ता, डॉ. बीके प्रजापति समस्त स्टाफ एवं बडी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। युवा उत्सव समिति के प्रभारी डॉ. विजय शाक्य के द्वारा समस्त प्रतियोगिताओं के बारे में जानकारी देते हुए इन प्रतियोगिताओं में सहभागिता के नियमों को विस्तार से बताया। युवा उत्सव की इन प्रतियोगिताओं के चार पक्षों सांस्कृतिक, सांगीतिक, साहित्य एवं रुपांकन पक्षों में 22 प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। जिसमें से आज सांस्कृतिक एवं सांगीतिक पक्षों की 12 प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। सांस्कृतिक पक्ष में एकल नृत्य शास्त्रीय में रवि राय प्रथम, जानवी चतुर्वेदी द्वितीय, पलक तिवारी तृतीय रहीं। समूह नृत्य में अन्वेष रघुवंशी, परी रघुवंशी और नैंसी त्रिपाठी के ग्रुप ने प्रथम स्थान, मूक अभिनय में मानसी साहू, पायल कुशवाहा, रश्मि अहिरवार, मोना प्रजापति एवं राधिका प्रजापति के ग्रुप ने प्रथम स्थान, सक्वीड (हास्य नाटिका) में राम आदित्य सोनी, शिवराज अहिरवार, नीति राज राजपूत, सुमित एवं हर्ष के ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सांगीतिक पक्ष में एकल गायन शास्त्रीय में परी रघुवंशी ने प्रथम स्थान, एकल बदल शास्त्रीय नान पारकुस में परी रघुवंशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गुरूवार 9 अक्टूबर को भाषण, वाद- विवाद एवं प्रश्न मंच की प्रतियोगिताएं साहित्यिक पक्ष के अंतर्गत तथा रंगोली, चित्रकला, मूर्ति कला, कोलाज, कार्टूनिंग और पोस्ट निर्माण की प्रतियोगिताएं होंगीं।

# तहसील वक्फ कमेटी ने कब्रिस्तान भूमि का नामांतरण करने के विरोध में सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

तहसील वक्फ कमेटी के नेतृत्व में रोहिल पुरा निवासियों द्वारा एसडीएम के नाम तहसीलदार को एक आवेदन पत्र सौंपा गया। जिसमें उल्लेख किया गया कि रोहिलपुरा में स्थित कब्रिस्तान जिसका खसरा नंबर 1595 तथा रकबा 0.493 हेक्टर है उस पर भूरा शाह द्वारा अवैध तरीके से नामांतरण कराए जाने का आवेदन नगर पालिका में दिया गया है। जिसको निरस्त किए जाने की मांग मुस्लिम समाज जनों द्वारा की गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि भूरा शाह द्वारा अपने पुरखों तुराब शाह पुत्र रमजान शाह के नाम सरकारी रिकॉर्ड में हेरा फेरी कर अंकित करा लिया है।

उसके पश्चात भुरा शाह अपने तथा अपने बच्चों के नाम नगर पालिका में उक्त भूमि का नामांतरण कराने हेतु आवेदन लगा चुके हैं। यह की उक्त प्रकरण की जांच कर उक्त नामांतरण के आवेदन को निरस्त कराए जाने की मांग की गई है। क्योंकि वर्तमान में भी उक्त स्थान पर कब्रिस्तान मौजूद है।

आसपास के क्षेत्र के निवासी यहां पर अपने परिजनों को दफन करने का कार्य वर्तमान समय में भी कर रहे हैं। वक्फ कमेटी ने मांग करते हुए कहा कि एक टीम गठित कर मौके पर जांच की जाए जिससे वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके कि यह कब्रिस्तान है या फिर रहवासी भूमि या कृषि भूमि है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज जन मौजूद रहे।

### बुदेलखंड के गायक कलाकारों ने दी सुमधुर भजनों की प्रस्तुति

# शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में भजन संध्या का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

शरद पूर्णिमा के उपलक्ष में ग्राम पंचायत मुगलसराय में भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बुंदेलखंड से आए भजन गायक बलवीर राजपूत,ज्योति कुशवाह,डोली राजपूत आदि कलाकारो द्वारा रात्रि 3 बजें सुंदर भजनो की प्रस्तुति दी।

साथ ही कार्यक्रम में सवा कुंटल की खीर का वितरण किया गया। इस मौके पर हजारो की संख्या में भजन संध्या में पहुचें ग्रामीणो ने धर्म लाभ प्राप्त किया। वही कार्यक्रम समापन अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व सरंपच वीरेन्द्र पालीवाल ने भगवान राम की आरती उतारी।

कार्यक्रम में डॉ रामकृष्ण यादव,अमित शर्मा,रामवीर यादव,मनोज शर्मा,देवेंद्र गुर्जर की विशेष भूमिका रही। साथ ही कार्यक्रम में थाना मुगलसराय पुलिस का विशेष सहयोग मिलने पर भाजपा नेता वीरेन्द्र पालीवाल ने थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह डाबर व समस्त स्टाफ का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल में छात्र परिषद चुनाव आयोजित

# समारोह में विजेता प्रत्याशियों को प्राचार्य ने दिलाई पद की शपथ



**सिरोंज।** नगर के पामाखेडी चौराहा स्थित ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल में छात्र परिषद चुनाव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा सभी विद्यार्थियों को चुनाव एवं वोट की महत्वपूर्णता समझाई और निष्पक्ष एवं ईमानदारी से वोट करने की अपील सभी मतदाताओं से की गई। जिसमें हर पद पर दो उम्मीदवार खड़े हुए।

विद्यालय द्वारा तय की गई तारीख 6 अक्टूबर को मतदान हुआ। जिसमें विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मतदान के एक दिन पश्चात 8 अक्टूबर मतदान की गणना हुई और परिणाम घोषित किया गया। जिसमें विद्यालय अध्यक्ष,विद्यालय उपाध्यक्ष,खेल अध्यक्ष,खेल उपाध्यक्ष जैसे कई पदो पर चुनाव हुए। वही विद्यालय परिवार द्वारा सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दी गई।

विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शिखा पटेल द्वारा शपथ ग्रहण समारोह में शपथ दिलाई गई और बच्चों को शपथ के माध्यम से सभी के साथ समान व्यवहार करने, सभी छोटे बड़ों को सम्मान देने जैसी कई बातें शपथ में रखी गई थी। वही स्कूल अध्यक्ष गिरिजा शर्मा,उपाध्यक्ष अनुष्का धाकड़, खेल अध्यक्ष लहर शर्मा खेल उपाध्यक्ष दिव्यांश धाकड़ आदि ने विजय प्राप्त करने के बाद शपथ ग्रहण की।

# मुफ्ती अली अहमद तीसरी बार बने जमीयत के जिला अध्यक्ष



**सिरोंज।** जमीयत उलेमा ए हिंद विदिशा जिले के चुनाव मदरसा रोहनिया सिन्नोटा में सम्पन्न हुए। जिसमें तीसरी बार सिरोंज के मुफ्ती अली अहमद कासमी को जमीयत उलेमा ए हिंद का विदिशा जिला अध्यक्ष चुना गया। चुनाव में विदिशा जिले की हर तहसील के जमीयत उलेमा हिंद के पदाधिकारी,अध्यक्ष एवं 600 से अधिक समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वही भोपाल से आए जमीयत उलेमा ए हिंद के प्रदेश अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद अहमद खान ने विदिशा जिला अध्यक्ष हेतु राय शुमारी करने के बाद मुफ्ती अली अहमद कासमी को तीसरी बार जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि जमीयत उलेमा ए हिंद 1919 से समाज के लिए काम कर रही है।

देश को अंग्रेजों से आजाद कराने में भी जमीयत का बहुत बड़ा योगदान रहा है। जमीयत हमेशा समाज मजलूमों के लिए आगे आई है और आती रहेगी। इस दौरान जमीयत के प्रदेश उपाध्यक्ष गाज़ी वली अहमद चिश्ती द्वारा दुआ कराकर सभी को एक रहकर समाज हित के लिए कार्य करने पर जोर दिया।

इस दौरान जमीयत के प्रदेश अध्यक्ष के साथ ही मौलाना रफीक मलनया लटेरी,मुफ्ती शकील मदरसा सुवास तहसील लटेरी,मुफ्ती यूसुफ फारुकी मंडी बामोरा ,मौलाना रुइस नदवी,रोज़रू,बासौदा,जावेद कुरेशी एडवोकेट,बासौदा,सैय्यद ज़ोहेब हसन बासौदा,क़ाज़ी असद हाशमी नायब क़ाज़ी,मुफ्ती आबिद क़ासमी कुरवाई,मौलाना ज़ुबैर अहमद ,शोएब ख़ान एडवोकेट,मुफ्ती हफ़ीज़ अहमद क़ासमी,मौलाना अक़ील नदवी,मौलाना राशिद एवं अन्य गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। वही संचालन मुफ्ती अनवर द्वारा किया गया।

# किसानों को भावांतर के देने के संबंध में एसडीएम कार्यालय में बैठक आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

बुधवार को तहसील कार्यालय में एसडीएम हरि शंकर विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में किसानो को भावांतर के देने के संबंध में बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर बैठक में योजना में पंजीयन किसानों को मॉडल रेट और समर्थन मूल्य के अंतर का भुगतान नेफ्ट या आरटीजीएस के माध्यम से देने की बात की गई। वही बैंको द्वारा व्यापारियों को नगद राशि कम देने की शिकायत करते हुए व्यापारियो ने कहा कि एचडीएफसी बैंक द्वारा व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है।

जिससे कभी भी किसान और व्यापारियों के मध्य में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इस अवसर पर अनाज तिलहन व्यापार संघ के अध्यक्ष समीर भार्गव ने कहा कि सरकारी योजनाओं में पंजीयन किसानों को छोटे कांटे से तोल और आरटीजीएस के माध्यम से भुगतान और व्यापारियों को आप किसानों को बड़े कांटे से तोल करके नगद भुगतान करो यह दोहरा रवैया कहा तक सही है। भावांतर देने की वजह से सरकार सोयाबीन की खरीदी नहीं कर रही और जो किसान साल भर माल होल्ड करते थे उने भी मज़बूरी में दो महीने के अंदर माल का विक्रय करना पड़ेगा। जिसकी वजह से सोयाबीन 500 रुपए गिर गया और इतना ही और गिरने की संभावना है। स्वदेशी और आत्मनिर्भर की बात करने वाले विदेशी किसानों का दलहन और तिलहन ज़ीरो परसेंट इंपोर्ट ड्यूटी पर आयात कर स्वदेशी किसानों और व्यापारी को बर्बाद कर रहे है।

सरकार की यही नीति रही तो आने वाले समय में भारत का कृषि सेक्टर पूरी तरह तबाह हो जाएगा। इस मौके पर बैठक में एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा,मण्डी सचिव,अनाज तिलहन व्यापार संघ के अध्यक्ष समीर भार्गव,राजेश मित्तल, कमलेश जैन,राजेश जैन,प्रियंक जैन,मनीष जैन, पप्पू साहू आदि मौजूद रहे।

# कुरवाई में हुई सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक एसडीएम कार्यालय के वीसी रुम में आयोजित की गई।

बैठक में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं शिकायतों की समीक्षा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से एसडीएम मनीष कुमार जैन, एसडीओपी रोशनी सिंह तहसीलदार नागेश पवार, जनपद सीईओ आयुष अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि सीताराम सैनी, वरुण चौबे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक सप्रे ने कहा कि शासन की मंशा है कि समाज के हर वर्ग को उसका अधिकार समय पर प्राप्त हो तथा योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में किया जाए और किसी भी पात्र व्यक्ति को राहत से वंचित न रखा जाए। बैठक में कानून व्यवस्था की समीक्षा, जन जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन, राहत सहायता प्रकरणों के निराकरण तथा योजनाओं की भौतिक स्थिति की समीक्षा पर विस्तृत चर्चा की गई। सप्रे ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक माह नियमित बैठक आयोजित कर शासन की योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट तैयार करें और हितग्राहियों को शीघ्र लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें।

# पुलिस पंचायत में सीनियर सिटीजन का छलका दर्द



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

पुलिस पंचायत की साप्ताहिक बैठक में विभिन्न सीनियर सिटीजन के लंबित विवादों पर सुनवाई कर न्यायोचित निराकरण किया गया।

विदिशा निवासी एक बुजुर्ग मजदूर ने शिकायत की थी कि होटल मालिक द्वारा उसके कार्य का मेहनताना नहीं दिया गया है। पुलिस पंचायत में परामर्श उपरांत दोनों पक्षों की सहमति से राशि तय की गई और आज पंचायत के समक्ष सीनियर सिटीजन को निर्धारित राशि प्रदान की गई। राशि मिलने पर बुजुर्ग ने भावुक होकर कहा मुझे उम्मीद नहीं थी कि पुलिस मेरे लिए इस तरह न्याय दिलाएगी। एक सीनियर सिटीजन महिला एवं अनावेदक के बीच दुकान-मकान को लेकर विवाद सामने आया। सुनवाई के दौरान महिला ने कहा कि अनावेदक उसका भतीजा है, जबकि अनावेदक ने स्वयं को बेटा बताया। पंचायत ने दोनों पक्षों व परिजनों की बात सुनकर समझौते का प्रारूप तय किया और अगली तिथि पर अंतिम निराकरण हेतु दोनों पक्षों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

नटेरन निवासी सीनियर सिटीजन ने शिकायत की कि उसका बड़ा बेटा आए दिन झगड़ा करता है। सुनवाई के दौरान बेटे ने बताया कि उसकी पत्नी छोड़कर चली गई है, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान रहता है। पंचायत ने समझाइश दी कि वह अपने पिता को परेशान न करे। अंत में बेटे ने पिता के पैर छूकर माफी मांगी शांतिपूर्ण व्यवहार का आश्वासन दिया।

# विधायक शैलेंद्र जैन ने नगर में चल रहे विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**सागर।** विधायक शैलेंद्र जैन एवं नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने नगर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तिली तिराहे पर लगभग 8 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन ऑडिटोरियम के कार्य की प्रगति देखी। निरीक्षण के दौरान विधायक जैन ने बताया कि ऑडिटोरियम का प्लिंथ लेवल का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है और निर्माण कार्य तेज गति से जारी है। उन्होंने निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदार को कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। विधायक जैन ने बताया कि नगर के सर्वांगीण विकास के लिए उन्होंने 8- 8 करोड़ रुपए की लागत से दो ऑडिटोरियम स्वीकृत कराए हैं। इनमें से एक तिली तिराहे पर निर्माणाधीन है, जबकि दूसरा शीघ्र ही अन्य स्थान पर प्रारंभ किया जाएगा। यह ऑडिटोरियम आधुनिक तकनीक से निर्मित होगा, जिसमें साउंड सिस्टम, एसी हॉल, डिजिटल स्क्रीन, ऑटोमेटिक सीटिंग सिस्टम सहित सभी अत्याधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके बन जाने से शहरवासियों को सांस्कृतिक, सामाजिक

## मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने मनाया स्थापना दिवस

**सागर।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला सागर ने संघठन के जिला कार्यालय में स्थापना दिवस कार्यक्रम मनाया। कार्यकारी जिलाध्यक्ष अरुण कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय मंत्री रामनाथ गणेशे रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश संयुक्त महामंत्री आशीष सिंह, मप्र राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी हेमंत सराठे, मंत्री राकेश श्रीवास्तव, कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ मप्रे प्रदेशाध्यक्ष डॉ प्रदीप पाठक आदि थे।

# जबाव नहीं दिया तो आवंटित भूखंड को करेंगे निरस्त

### जवाब प्रस्तुत करने के लिए 30 दिन का दिया गया है समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

गंजबासौदा तहसील के औद्योगिक क्षेत्र कंजना में मेसर्स राधिक ट्रेडर्स को आवंटित भू-खण्ड क्रमांक 120 आवंटित किया गया है।

विभागीय देनदारियों की राशि जमा नहीं करने और आबकारी विभाग के द्वारा की गई कार्रवाई में अवैध मदिरा का प्रकरण दर्ज करने पर जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक एके श्रीवास्तव ने राधिका ट्रेडर्स के प्रोपराइटर को सूचना पत्र जारी कर 30 दिवस में जबाव प्रस्तुत करने की अवधि नियत की है।

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक एके श्रीवास्तव के अनुसार मेसर्स राधिका ट्रेडर्स प्रोपराइटर मंजूबाला अग्रवाल पत्नि सुदामा प्रसाद अग्रवाल भू-खंड क्रमांक 120 औद्योगिक क्षेत्र कंजना निवासी सिंचाई विभाग कालोनी कालाबाग गंजबासौदा द्वारा सीड प्रोसेसिंग गतिविधि हेतु आवंटित किया गया है। मेसर्स राधिका ट्रेडर्स द्वारा विभागीय देनदारियों की राशि जमा नहीं की जा रही है साथ ही बिना किसी पूर्व अनुमति के आवंटित गतिविधि से भिन्न गतिविधि का संचालन किया जा रहा है। आबकारी विभाग द्वारा की गई कार्रवाई का भी उल्लेख करते हुए उद्योग विभाग के महाप्रबंधक श्री श्रीवास्तव ने बताया कि विदिशा जिले के वृत्त गंजबासौदा अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र कंजना, बासौदा में स्थित मेसर्स राधिका टेडर्स, पत्थर फैक्ट्री से अवैध मदिरा जब्त कर आबकारी अधिनियमों के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है जो मध्यप्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम अनुसार निष्पादित लीजडीड की कंडिकाओं का उल्लेख है।

महाप्रबंधक श्री श्रीवास्तव के द्वारा जारी सूचना पत्र के अनुसार मेसर्स राधिक टेडर्स की प्रोपराइटर को तीस दिवस की समयावधि में पूर्व उल्लेखित संबंधों में समाधानकारक उत्तर जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र विदिशा के कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु लेख किया गया है। मध्यप्रदेश औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन अधिनियम अंतर्गत नियमों के प्रावधानों तहत आपको औद्योगिक क्षेत्र में आवंटित भूखंड का आवंटन निरस्त किया जाएगा।

## कुशवाह शिवालय में हुआ नगर भंडारा

**ग्यारसपुर।** कुशवाह शिवालय ग्यारसपुर में मंगलवार को नवदुर्गा विसर्जन के उपरांत नगर भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। भंडारा दोपहर 12 बजे से रात 10 बजे तक लगातार चला। नवदुर्गा उत्सव समिति कुशवाह शिवालय के तत्वावधान में आयोजित इस भंडारे में नगर की माताएं, बहनें एवं कन्याएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं और प्रसाद ग्रहण किया। समिति अध्यक्ष प्रीतम कुशवाह ने बताया कि यह भंडारा माता रानी की कृपा से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समिति के संरक्षक भागवन सिंह कुशवाह, कल्याण सिंह कुशवाह, खिलान सिंह लोधी, हरिनारायण कुशवाह, रवि कुशवाह एवं केशव कुशवाह का विशेष सहयोग रहा। भक्तिमय माहौल में पूरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

# जागरुकता बढ़ाने भाजपाईयों ने खरीदे मिट्टी से बने उत्पाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शमशाबाद विधानसभा के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी मंडल देवखजुरी द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत हर घर स्वदेशी घर घर स्वदेशी अभियान को गति प्रदान की जा रही है।

इसी क्रम में मंडल के ग्राम सतपाड़ा सरायं में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और स्थानीय कारीगरों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मिट्टी से बने पारंपरिक उत्पादों की खरीदारी की गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अतुल यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप तथा भारतीय जनता पार्टी के निर्देशन में देशभर में स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

आत्मनिर्भर भारत का संकल्प तभी साकार होगा जब हम स्थानीय उत्पादों को अपनाएंगे और 'लोकल फॉर वोकल' के संदेश को जन-जन तक पहुँचाएँगे। उन्होंने आगे कहा कि इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर पारंपरिक हस्तशिल्प और घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देना है ताकि स्थानीय कारीगरों की आजीविका सुदृढ़ हो सके। कार्यक्रम के दौरान मंडल महामंत्री मनोज चतुर्वेदी, मंडल कार्यालय मंत्री सुनील कुमार साहू, मंडल मंत्री जगदीश कुमार जाटव, मंडल आईटी सेल प्रभारी विवेक शर्मा, मंडल सह प्रचार मंत्री राजकुमार मीणा व्योंची, कार्यसमिति सदस्य गोपाल सिंह राठौर, मंशाराम मीणा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर स्वदेशी अपनाएं, देश को आत्मनिर्भर बनाएं का संकल्प लिया और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

## वन क्षेत्र में चल रहे दो ट्रैक्टर जब्त किए

**शमशाबाद।** ग्राम पिपरोदा के वन क्षेत्र में अवैध रूप से वन भूमि में चल रहे ट्रैक्टर को वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया। बीटगार्ड शमशाबाद को सूचना मिली थी कि ग्राम पिपरोदा के वन क्षेत्र में एक ट्रैक्टर वन भूमि पर्व चल रहा है। सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी संगीता अमलताश के निर्देशन में एक टीम गठित की गई। गठित टीम में वन क्षेत्रपाल त्यौफिल तिर्की, परिक्षेत्र सहायक शमशाबाद श्रीकृष्ण मीणा, परिक्षेत्र सहायक वर्धा नारायण प्रसाद धनकर सहित टीम में शामिल वनकर्मी उपस्थित थे। टीम मौके पर पहुंची तो आर.एफ. 273 बीट शमशाबाद के वन क्षेत्र में ट्रैक्टर चलता पाया गया। वहीं आर एफ 276 ग्राम पंडा पूरा बीट संग्रामपुर में वन भूमि पर चल रहे ट्रैक्टर को पकड़ कर कार्रवाई की गई है। टीम ने दोनों ट्रैक्टर को मौके पर ही जब्त कर वन परिक्षेत्र कार्यालय शमशाबाद परिसर में रखा है। वन विभाग द्वारा इस मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।




**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं सुरेन्द्र यादव पिता श्री हीरा लाल यादव निवासी -हनुमान मंदिर के पीछे शेरपुरा विदिशा म.प्र. । मेरा नाम सुरेन्द्र यादव है मेरा आधार कार्ड क्रमांक 3488 4779 1664 में मेरा नाम दर्ज है जो कि सही है। मेरे पुत्र सौर्य यादव के स्कूल रिकॉर्ड में मेरा नाम सोनू यादव त्रुटिवश अंकित हो गया है। मेरा सही नाम सुरेन्द्र यादव है मेरे पुत्र के स्कूल रिकॉर्ड में मेरे आधार कार्ड के आधार पर सुरेन्द्र यादव नाम दर्ज करा जावे । मेरे दोनो नामों को लेकर कोई विवाद आता है तो सम्पूर्ण जवावदारी मेरी होगी।

### एक उप पंजीयक अधिकारी के भरोसे चल रहा काम, रजिस्ट्री कार्य प्रभावित

# स्लॉट बुकिंग के बावजूद घंटों इंतजार कर रहे लोग, रजिस्ट्री कार्यालय में स्टाफ की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के उप पंजीयन कार्यालय में अंधेरगर्दी मची हुई है। आलम यह है कि उप पंजीयक का प्रभार कहीं बाबुओं के तो कहीं सहायक अधिकारियों के भरोसे चल रहा है। स्थिति यह है कि कहीं भी फुलफ्रेश अधिकारी पदस्थ नहीं है। यह बात जिला पंजीयक अधिकारी रजनीश सोलंकी ने भी मीडिया कर्मियों के समक्ष स्वीकार की है।

मालूम हो कि जिला पंजीयक कार्यालय रायसेन राज्य सरकार के प्रमुख राजस्व अर्जित करने वाले विभागों में से एक है। हर साल पंजीयन शुल्क से सरकार को करोड़ों रुपए की आय होती है। सरकार ने व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए ई-व्यवस्थाओं को अपडेट किया है। संपदा पोर्टल के संपदा 2.0 के माध्यम से प्रक्रियाओं का सरलीकरण किया गया है।

### दो महीने से घंटों इंतजार करना पड़ रहा

जिला पंजीयक कार्यालय रायसेन में यूं तो उप पंजीयक का तबादला करीबन तीन महीने पूर्व ही हुआ है, लेकिन स्वास्थ्य दिक्कतों के चलते वे एक महीने पहले से ही अवकाश पर चल रही थी। जिसके कारण पिछले -दो तीन महीने से रजिस्ट्री करवाने के लिए आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशान ग्रामीण क्षेत्र के लोग और विशेषकर महिला और गवाह हो रहे है। एक हस्ताक्षर के लिए उन्हें स्लॉट के निर्धारित समय से दो से पांच घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा है।

हर रोज औसत रजिस्ट्री 50 से ज्यादा सम्पदा पोर्टल ने जहां व्यवस्थाओं को त्वरित बनाया गया है। वहीं उप पंजीयक अधिकारी एक होने की वजह से कार्य का बोझ एकल हो गया है।

### रजिस्ट्री के लिए घंटों इंतजार

विभाग ने स्लॉट बुकिंग सिस्टम संपदा 2.0 लागू किया था। इसके बावजूद लोगों को रजिस्ट्री के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। परेशान लोग वेंडर्स और प्रोवाइडरों से मदद मांग रहे हैं। लेकिन वेंडर्स के पास भी कोई समाधान नहीं है। लेकिन विभाग में स्टाफ की कमी से सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।





### अव्यवस्थाओं के चलते रजिस्ट्री कराने में लोगों को झेलना पड़ रही परेशानी

हालांकि उप पंजीयक अधिकारी अरविंद चौहान रजिस्ट्री के काम में लगातार जुटे रहते हैं। इसके बाद जो भी लोगों की परेशानियां लगातार जारी है। उल्लेखनीय है कि उप पंजीयक कार्यालय रायसेन में संपदा की रजिस्ट्री प्रतिदिन अमूमन 50 से 70 होती हैं। जिला मुख्यालय पर उप पंजीयक कार्यालय होने की वजह से रोजाना शहर सहित सुल्तानपुर तहसील के आसपास और सुदूर अंचलों से ग्रामीण, किसान बड़ी संख्या में यहां रजिस्ट्री कराने आते है, लेकिन यहां की अव्यवस्थाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। ऐसी स्थिति में उप पंजीयक कार्यालय की रजिस्ट्रियां भी काम हो रही है। इसका विपरीत असर राजस्व आमदनी पर पड़ रहा है, जो आगामी समय में राजस्व आय को प्रभावित कर सकता है। स्टाफ की कमी की वजह से उप पंजीयक अधिकारियों को एक नहीं बल्कि दो दफ्तरों का प्रभार दिया गया है। ऐसी स्थिति में होने वाली प्रॉपर्टी रजिस्ट्री प्रभावित हो रही हैं। इसे लेकर जिला पंजीयक अधिकारी श्री सोलंकी द्वारा वरिष्ठ कार्यालय भोपाल पत्राचार भी किया है।

### ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं और गवाह सबसे ज्यादा परेशान

◆ जिला पंजीयक कार्यालय रायसेन में भी अधिकांश स्टाफ रिटायर हो चुका है। स्टाफ की कमी से लोगों को रजिस्ट्री कराने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कार्यालय में पहले दो उप पंजीयक कार्यरत थे। महिला उप पंजीयक मिथिलड़ा मसीह का तबादला भोपाल करीब दो तीन महीने पहले हो गया है। अब केवल एक उप पंजीयक के भरोसे काम चल रहा है।

### इनका कहना है

उप पंजीयक कार्यालय रायसेन में रजिस्ट्री प्रभावित जैसी कोई बात नहीं है। आपके द्वारा मेरे संज्ञान में लाया गया है फिर भी मैं उसको दिखवाता हूं और जो त्रुटियां हो रही है उसमें सुधार किया जाएगा। अगर प्राइवेट बाबू की मदद ली जा रही है तो उसको भी मैं गंभीरता से देख कर एक्शन लूंगा।

**- रजनीश सोलंकी,** जिला पंजीयन अधिकारी।

### उप पंजीयक अवैध वसूली करने अपने ड्रायवर से करवा रहे कम्प्यूटर कार्य

◆ उप पंजीयक अधिकारी अरविंद चौहान रोजाना भोपाल से लग्जरी कार से आना-जाना करते हैं। वह उनके साथ प्राइवेट तौर पर एक वाहन चालक की वजह से दफ्तर में आते हैं। ऑफिस में एक कंप्यूटर ऑपरेटर होने के बाद बात भी वह अपने भरोसे के वाहन चालक से कंप्यूटर ऑपरेटर का काम करवा रहे हैं वह भी प्राइवेट तौर पर। जबकि सालों से आउटसोर्स का एक कंप्यूटर ऑपरेटर यहां पदस्थ है, लेकिन खुद की मनमानी और अवैध चौथ वसूली करने के चक्कर में एक प्राइवेट कंप्यूटर ऑपरेटर उन्होंने अपनी मनमर्जी से रख लिया है।

# कोतवाली पुलिस ने पकड़ी 35 पेटी अवैध देशी शराब

» आबकारी विभाग की बजाय पुलिस पकड़ रही अवैध शराब, आरोपी को कोर्ट में किया पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बीती रात ग्राम बनछोड़ पुलिया के समीप 7 पेटियां अवैध देशी शराब पकड़ने में सफलता हासिल की है। लेकिन एक आरोपी पुलिस को चकमा दे देकर भागने में सफल हो गया।



आरोपी गोलू कहार

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शराब की पेटियां जब्त कर केस दर्ज करके कोर्ट में पेश किया गया। हालांकि अवैध शराब पकड़ने का काम आबकारी विभाग के जिम्मे है, लेकिन अक्सर देखने में यह आ रहा है कि पुलिस ही आबकारी विभाग का काम कर रही है। भारी भरकम आबकारी विभाग का अमला तमाशा बीन बना हुआ है।

मुखबिर से मिली सूचना पर कोतवाली थाने के एएसआई रमेश गौर एवं पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस द्वारा बीती दरमियानी रात अवैध शराब की 7 पेटियां ग्राम बनछोड़ की पुलिया पर रखे हुए गोलू कहार को हिरासत में ले लिया। जबकि पुलिस की भनक लगते ही डामड़ोंगरी निवासी दूसरा आरोपी बब्लू रायसिख फरार हो गया। जिसकी कोतवाली पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है।

पुलिस ने 7 पेटी अवैध शराब देसी मसाला जब्त कर ली है, जिसकी कीमत लगभग 35 हजार रुपए बताई जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस ने बनछोड़ में एक घर से छापामार में अवैध शराब की 35 जब्त की है, लेकिन पुलिस सिर्फ 7 पेटियां ही जब्त करने की बात कह रही है।

एएसआई रमेश गौर ने बताया कि बुधवार को पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 34 आबकारी एक्ट के तहत केस रजिस्टर्ड कर कोर्ट में पेश किया गया। डमडोंगरी निवासी दूसरे आरोपी की कोतवाली पुलिस तलाश में जुट गई है।

### पुलिस ने आरोपी पर किया छेड़छाड़ का प्रकरण दर्ज

**सिलवानी।** ग्राम सांईखेड़ा में मंगलवार शाम को अपने घर लौट रही एक युवती से रास्ते में छेड़खानी करने की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार युवती ग्राम में स्थित प्राइवेट बैंक से काम करके घर जा रही थी, तभी रास्ते में अज्ञात युवक ने उससे अभद्रता कर भाग गया। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने विरोध किया एवं आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने ग्रामीणों को कार्रवाही का आश्वासन देकर शांत कराया। इस संबंध में एसडीओपी सिलवानी अनिल मौर्य का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है। आरोपियों की तलाश के लिए टीम गठित की गई है। जल्द उन्हें गिरफ्तार कर लेंगे।

# पैसे को लेनदेन को लेकर हुई मारपीट, मामला किया दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

ग्राम सेमरी में मंगलवार देर रात पैसों को लेकर दो व्यक्तियों में आपस में मारपीट हो गई। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया।


पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम सेमरी निवासी रवि आदिवासी ने विनोद आदिवासी पर मारपीट का मामला दर्ज कराया है। फरियादी का कहना है मैं अपने पैसे लेने विनोद के पास गया था उसने मेरे साथ गाली-गलौज और मारपीट की। दीवानगंज पुलिस ने घायल रवि का सांची सिविल अस्पताल में मेडिकल कराकर विनोद के विरुद्ध 296, 115 (2), 351 (3) का मामला दर्ज कर लिया है।

वही दीवानगंज चौकी के सामने भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर पुलिस ने हेलमेट और शीट बेल्ट वाहनों की जांच की। जिसमें 4 मोटरसाइकिल वाहन से 1200 रुपए, तो वहीं एक फोर व्हीलर वाहन से 500 रुपए कुल 1700 रुपए समन शुल्क के रूप में वसूल किया। चेकिंग देखकर वाहन चालकों की दोनों तरफ खड़े हो गए जिससे लंबी लाइन लग गई।

# ग्रामीणों का आरोप - वनकर्मियों ने पैसे लेकर वनभूमि पर दिए पट्टे

### नरवर के नाराज किसानों ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



जनपद पंचायत सांची की ग्राम पंचायत नरवर से बड़ी संख्या में ग्रामीण वन विभाग रायसेन पहुंचे। जहां डीएफओ के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीओ सुधीर पटले को ज्ञापन सौंपा गया है।

ज्ञापन जनपद सदस्य मनीष चौकसे के नेतृत्व में सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि नरवर के किसान की सालों से कई पीढ़ियां गुजर गई, वन भूमि पर खेती कर रहे हैं, लेकिन वन विभाग के बीट कर्मचारियों ने मोटी रकम लेकर पट्टे देने का क्रम जारी है और स्थानीय रहवासी गरीब किसान सालों से काबिज होकर खेती कर रहे हैं, उनको एक भी वनभूमि का पट्टा नहीं दिया जाने से काफी नाराज हैं। इसीलिए उनकी नाराजगी विभाग के कर्मचारियों पर बढ़ती जा रही है।

ग्रामीण किसान घनश्याम, आसिफ खान, खुशीलाल साहू, गंगाराम, चंदन सिंह खुशीलाल मेहरा, मोतीलाल, लक्ष्मीनारायण आदि ने बताया कि हम लोग पीढ़ियों से वन भूमि पर काबिज होकर खेती करके अपनी आजीविका चला रहे हैं। नरवर के किसानों ने 2019 में ऑनलाइन आवेदन किया था, लेकिन वनकर्मियों ने सिर्फ 4 किसानों का सर्वे की रिपोर्ट विभाग को भेजी और धार, झाबुआ, रतलाम के बाहरी आदिवासी एवं भील समाज के लोगों को पट्टा प्रदान कर दिए हैं। जिससे वंचित रहे किसानों में आक्रोश बढ़ रहा है। वनकर्मियों के गड़बड़झाले के इस मामले से नाराज हैं। हमने एसडीओ, कलेक्टर को भी आवेदन देकर समस्या से अवगत करा दिया है।

ज्ञापन में बताया कि नरवर के अभी भी 40 से 50 किसान वन अधिकारों से वंचित रह हैं। 1980 से वन भूमि की जमीन पर काबिज है, लेकिन वनकर्मियों द्वारा मुंह देखकर सिर्फ 4 लोगों को पट्टे दिए हैं।

### गोल्डन सिटी कालोनी में कन्याओं का पूजन कर भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने लिया आशीर्वाद

**रायसेन।** नगर के वार्ड 4 सांची मार्ग स्थित गोल्डन सिटी कॉलोनी में शारदीय नवरात्र के पश्चात कन्या पूजन एवं कन्या भोज कार्यक्रम में शामिल होकर भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने देवी स्वरूप कन्याओं का पूजन किया एवं उन्हें तिलक लगाकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात आयोजित हुए कन्या भोज के दौरान देवी स्वरूप कन्याओं को भोजन पुरस्कार पूर्ण लाभ अर्जित किया एवं कन्याभोज में शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की। इसके पश्चात गोल्डन सिटी स्थित राधाकृष्ण शिव मंदिर पहुंचकर भगवान सदाशिव के दर्शन किए। इस अवसर पर राकेश तोमर, संजय संजू जैन, बबलू ठाकुर सहित अन्य मौजूद रहे।

# रामलीला मैदान से निकला महावीर बस्ती, श्रीजी बस्ती का पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ का शताब्दी वर्ष में दशहरे से नगर की अलग-अलग बस्तियों में पथ संचलन निकालने की श्रृंखला बनी हुई है। बुधवार को महावीर बस्ती एवं श्रीजी बस्ती का संयुक्त पथ संचलन श्रीरामलीला मैदान से प्रारंभ हुआ। पिछले एक सप्ताह में 5 पथ संचलन नगर के विभिन्न हिस्सों में निकाले गए।

बुधवार को पूर्ण गणवेश, घोष और गीत गायन के साथ नगर की प्रमुख सड़कों पर निकले स्वंय सेवकों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। सुबह साढ़े 8 बजे रामलीला मैदान में महावीर बस्ती एवं श्रीजी बस्ती के सैकड़ों स्वंय सेवक एकत्रित हुए। कदम ताल करते एवं गीत गायन के साथ निकले सेकडों कतारबद्ध स्वंयसेवकों ने जैन मंदिर, पुराने बगलवाडा रोड, बडा बाजार, शक्तिधाम मंदिर, छोटा बाजार, चौधरी चौक, टाकीज चौराहा, मुख्य मार्ग पर भ्रमण किया। पथ संचलन का रामलीला मैदान पहुंचने पर समापन हुआ।



समापन पर विभाग प्रचारक सौरभ सिंह का बौधित हुआ जिसमें संघ की स्थापना से लेकर वर्तमान तक संघ की गतिविधियों हिन्दू समाज संगठन के उददेष्य पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील डागौर ने की।

### मांगरोल धाम में हुआ शरद पूर्णिमा पर हुआ कार्यक्रम, दमा-श्वांस रोगियों को पिलाई दवा



**बरेली।** प्रतिवर्ष की भांति नगर के मंदिरों के साथ मां नर्मदा के उत्तर तट स्थित मंगलेश्वर धाम मांगरोल आश्रम में पू. ब्रम्हचारी जी कथा व्यास महामंडलेश्वर की उपस्थिति में शरद पूर्णिमा पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। रात्रि में चंद्रमा की रोशनी में पूजन के बाद दिव्य औषधियों में निर्मित खीर का भोग लगाया गया।

पू. ब्रम्हचारी जी द्वारा देसी जड़ी बूटियों से औषधीय खीर का निर्माण किया गया। दिव्य खीर की प्रसादी दमा, श्वास रोगियों को खिलाई गई। प्रतिवर्ष पू. ब्रम्हचारी जी द्वारा शरद पूर्णिमा पर दिव्य औषधीय खीर का निःशुल्क वितरण किया जाता है।

नगर के प्राचीन श्रीजी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में शरद पूर्णिमा पर कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। श्री राधा कृष्ण की झांकी सजाई गई।

# कोल्ड्रिफ और रेसिपफ्रेश कफ सीरप प्रतिबंधित, जागा औषधि ड्रग विभाग

10 बाटल रेस्पिफ्रेश सिरप जब्त, दवाओं के लिए सेंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

छिंदवाड़ा में कोल्ड्रिफ सिरप के कारण बच्चों की मौते हो गई। रेडमेक कंपनी के कफ सिरप रेस्पिफ्रेश भी जांच में अमानक पाये जाने से दोनों कफ सिरप प्रतिबंधित कर दिए है। मौसम के बार-बार बदलने से बच्चें सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार के शिकार हो रहे है। दो दवाओं को प्रतिबंधित करने से अब बच्चों को कौन सी दवा दी जाए या घरेलु नुस्खों को अपना कर बच्चों का उपचार करें माता-पिता परिवारों के समक्ष समस्या बन रही है।

नगर एवं क्षेत्र में 80 से अधिक मेडिकल स्टोर संचालित हो रहे है, मेडिकल स्टोर्स पर बिक रही दवाईयां की जांच करने के लिए एक ड्रग इंस्पेक्टर थे, लेकिन उनका भी ट्रांसफर हो गया।

हाल ही में दूसरे ड्रग इस्पेक्टर प्रीत स्वरूप जिले में आए और प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री न हो, स्टाक जप्त करने का मंगलवार को बरेली के मेडीकल स्टोर का निरीक्षण किया गया। जिस भारी संख्या में नगर एवं क्षेत्र के बडे-बडे ग्रामों में मेडीकल स्टोर संचालित हो रहे है। अमानक और प्रतिबंधित दवाओं का स्टाक और बिक्री होने से इंकार नहीं किया जा सकता।



### इनका कहना है

मेडीकल स्टोरों की जांच और दवाओं के नमूना ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा लिए जाते है। हमें पत्र लिखने पर मेडीकल स्टोरों की जांच की जा सकती है।

**- डॉ. हेमंत यादव,** सीबीएमओ सिविल अस्पताल बरेली।

### मेडिकल स्टोर्स पर महकमे ने की कार्रवाई

गुजरात की कंपनी रेडमेक का कफ सिरप रेस्पिफ्रेश जांच में अमानक पाया गया। सरकार ने कोल्ड्रिफ सिरप और रेस्पिफ्रेश दोनों कफ सिरप को प्रतिबंधित कर दिया है। दोनों कफ सीरप बच्चों को सर्दी, जुकाम, खांसी पर दिए जाते थे। मंगलवार को ड्रग इस्पेक्टर द्वारा नगर के थोक मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित कफ सीरप जप्त कर जांच सेंपल भी लिए। सरकार द्वारा दो कफ सीरप विक्रय पर प्रतिबंध के बाद औषधि ड्रग विभाग जाग्रित हुआ, सवाल यह है कि बरेली नगर में तो जांच अन्य प्रमुख स्थानों, बड़े-बड़े ग्रामों एवं झोलाछाप डॉक्टरों के पास यदि प्रतिबंधित कफ सीरप है, तो उसे कैसे विक्रय से रोका और जप्त किया जा सकता है।

### कीर्ति स्तंभ पर हुई महाआरती, श्रद्धा का उमड़ा सैलाब

# शरद पूर्णिमा पर मनाया आचार्य विद्या सागर महाराज का अवतरण दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

शरद पूर्णिमा पर जैन समाज के महान संत आचार्य विद्यासागर महाराज के अवतरण दिवस को नगर में बड़े ही हर्ष और श्रद्धा के साथ मनाया। यह आयोजन केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं था, बल्कि समाज के नैतिक मूल्यों, संस्कारों और अध्यात्मिक चेतना का जीवंत उदाहरण भी बना।

अवतरण दिवस पर समाज जनों ने दीपों से सुसज्जित थालों के साथ एक भव्य जुलूस निकाला। यह जुलूस नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ तहसील तिराहे पर स्थित कीर्ति स्तंभ पहुंचा। जुलूस के कीर्ति स्तंभ पहुंचने के बाद वहां विद्यासागर जी महाराज के चित्र के समक्ष महाआरती का आयोजन हुआ। इस आरती में नगर के सभी वर्गों, महिला मंडल, युवक मंडल, वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। आरती स्थल पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा और पूरा वातावरण जय गुरुदेव के जयकारों से गूंज उठा।



इस पुण्य अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर महाआरती में भाग लिया और आचार्यश्री के सिद्धांतों को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया।

### आचार्य विद्यासागर जी के जीवन मूल्यों की झलक

कार्यक्रम आचार्यश्री के सिद्धांतों, विचारों और संयममय जीवनशैली की प्रेरणा से ओतप्रोत रहा। उनकी शिक्षाओं - जैसे अहिंसा, ब्रह्मचर्य, आत्मशुद्धि और तप को जनमानस तक पहुंचाने का यह एक सशक्त माध्यम बना। युवाओं में विशेष उत्साह दिखा, जिन्होंने पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम की सफलता में महिला मंडल और युवक मंडल की भूमिका सराहनीय रही। महिलाओं ने भजन, आरती और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल को भक्तिमय बनाया, वहीं युवाओं ने आयोजन की व्यवस्थाएं संभालीं। बच्चों में भी विशेष उत्साह देखने को मिला, जिन्होंने दीप थाल और धार्मिक नारों से कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।


## कार्यालय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय रायसेन (म.प्र.)

क्रमांक / 2437 / जन.भा. / 2025 — रायसेन दिनांक 08.10.2025

जनभागीदारी व्यवस्था के अंतर्गत अंशकालीन अतिथि विद्वान के रूप में अध्यापन हेतु पात्र अभ्यर्थियों से दिनांक 31.10.2025 सायं काल 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित है। आवेदन समस्त योग्यता संबंधी प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतिलिपि के साथ स्वयं पहुँचाकर अथवा पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा सचिव जनभागीदारी / प्राचार्य प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय रायसेन (म.प्र.) के नाम से कार्यालयीन समय में स्वीकार किये जायेगें। लिफाफें के ऊपर विषय का उल्लेख करें।

| क्रं. | पदनाम | अंशकालिक अतिथि विद्वान | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संकाय / विषय का नाम | अंग्रेजी | इतिहास | भूगोल | वाणिज्य | रसायन शास्त्र | भौतिकी | जन्तुविज्ञान | समाजशास्त्र |
| 2 | पदों की संख्या | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 |
| 3 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | संबधित विषय में स्नाकोत्तर के साथ एवं नेट/ स्लेट/पी.एच.डी. होना अनिवार्य है। | | | | | | | |
| 4 | मानदेय | रुपए 500 प्रतिदिवस के हिसाब से मानदेय का भुगतान किया जावेगा। | | | | | | | |
| 5 | चयन प्रक्रिया | चयन म.प्र.शासन उच्च शिक्षा विभाग के नियमानुसार मैरिट के आधार पर किया जावेगा। | | | | | | | |

शर्तेः-
1. यह व्यवस्था पूर्णतः अस्थाई है एवं जब तक आवश्यकता रहेगी तब तक जारी रहेगी। शासन द्वारा नियमित नियुक्ति/अतिथि विद्वान की पदस्थापना उपरांत स्वतः ही समाप्त कर दी जावेगी।
2. प्राचार्य / समिति द्वारा कार्यभार के अभाव में आमंत्रण समाप्त किये जाने का पूर्ण अधिकार होगा।
3. किसी भी विवाद की स्थिति में प्राचार्य का निर्णय अंतिम होगा।
4. आवेदन का प्रारूप उच्च शिक्षा विभाग की बेवसाइट पर उपलब्ध है। साथ ही महाविद्यालय के कार्यालय से भी प्राप्त किया जा सकता है।

प्राचार्य / सचिव
प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद
शास. महाविद्यालय रायसेन (म.प्र.)